तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023



9 मां दुनिया में सबसे अनुपम : बालयोगी कृष्णा





10 नेशनल इंटर डिस्ट्रिक के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन






# बोनस व समर्थन मूल्य की राशि लेने बैंक पहुंचे किसान, देर रात तक हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा सरकार के घोषणा पत्र अनुसार सुशासन दिवस 25 दिसम्बर से किसानों को धान का बोनस 300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से वितरण किया जा रहा है। वर्ष 2014–15 एंव 2015–16 का बोनस राशि लेने के लिए इन दिनों जिला सहकारी बैंको को भारी भींड लगी हुई है, सुबह से किसान बोनस राशि के लिए बैंक में पहुंच रहे है, जिसके चलते मैनपुर तहसील मुख्यालय सहित गोहरापदर बैंक में भारी भीड देखने को मिल रही है। समय पर बैंक में राशि नहीं पहुंचने के कारण खासकर गोहरापदर बैंक में रात 08 से 09 बजे तक किसानों को भुगतान किया जा रहा है। जिससे एक ओर इस कड़ाके के ठंड में किसान बेहद परेशान है। वहीं बैंक के कर्मचारी भी परेशान दिख रहे है। शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक गोहरापदर में शाम 05 बजे के आसपास पैसा पहुंचने के बाद ही भुगतान कार्य प्रारंभ हो पाया है। जिसके कारण देर रात तक किसानों की भीड़ रही। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन लगभग लाखों रूपए का भुगतान बैंक के माध्यम से किसानों को किया जाना है लेकिन समय पर बैंक को पैसा नहीं मिल पाने के कारण भुगतान में रात हो जा रही है।

**बोनस का भुगतान नहीं, किसान परेशान :** मोदी की गारंटी 2023 में किये गये ▶▶| शेष पेज 8 पर

### गोहरापदर बैंक में रात 8 से 9 बजे तक किसानों को किया जा रहा भुगतान



### किसान रात में असुरक्षित तरीके से घर जाने मजबूर

इन दिनों समर्थन मूल्य के साथ ही बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। खासकर गोहरापदर बैंक में देर से राशि पहुंचने के कारण भुगतान में रात हो रही है और किसान हजारों लाखों रूपये लेकर अपने घर जाने में रात को असुरक्षित महसूस कर रहे है। अपनी सुरक्षा को लेकर भी किसान डरे हुए है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी लंबा चौड़ा है और यहां सीनापाली, ढोर्रा, झरगांव, तेतलखुंटी, सितलीझोर, अमलीपदर, उरमाल, मुड़गेलमाल, कुहीमाल, गुरजीभाठा, सरईपानी, चिखली, खरीपथरा, नवापरा, भेजीपदर, जैसे क्षेत्रे से किसानो को भुगतान के लिए आना पड़ रहा है, किसान बैंक खुलने से पहले सुबह 08 बजे से ही बैंक में पहुंच जाते है लेकिन बैंक में पैसा नहीं होने के कारण उन्हे देर रात तक भुगतान किया जाता है। जिसके कारण उन्हे अपने घर पहुंचने में आंधी 10 से 11 बज जा रही है, किसान मानसिंग, दशरथ मांझी, दर्जन मरकाम, परमेश्वर, भीषमकुमार, दीनाचंद, दिलीप मांझी, गोपालराम कश्यप ने बताया कि बैंक से गांव की दूरी अधिक होने के कारण देर रात भुगतान के बाद पैसा लेकर अकेले घर जाने मे अनजाना डर बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### नवापारा में गुरू घासीदास जयंती 31 को मनाई जाएगी



**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के वार्ड क्रमांक 20-21 शीतलापारा में बाबा घासीदास की जयंती 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। बताया गया है कि शाम 4 बजे पालो चढ़ाया जाएगा और गद्दी पूजा की जाएगी। 6 बजे अतिथियो का सत्कार किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल होंगे। अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, धनेश्वरी-मेलाराम डांडे,प्रदेश अध्यक्ष गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, राधाकृष्ण टंडन अध्यक्ष सतनामी समाज परिक्षेत्र, अजय साहू सभापति नगर पालिका, पदमिनी सोनी पार्षद करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, स्थानीय प्रतिनिधि कांग्रेस-भाजपा के नेता वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

### खुटेरी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**फिंगेश्वर।** अंचल के ग्राम खुटेरी (फिंगेश्वर ) में हैप्पी नवयुवक क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 और 31 दिसम्बर को आयोजित किया गया है। कबड्डी का यह आयोजन लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें 32 से अधिक प्रतिभागी टीम जो पूरे राज्य के अलग अलग जिलों से प्रतिभागी टीम आकर मैच का रोमांचक बनाएंगे। मैच हाईस्कूल मैदान खुटेरी में खेला जाएगा पूरा मैच सिंथेटिक मेट पर होगा। जिससे मैदान की चमक दमक और भी बढ़ जाती है। कल से आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में अंचल के दर्शक दीर्घा एवं कबड्डी प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गयी है।

### इमलीभाठा में घर के सामने मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ईमलीभाठा में घर के सामने मारपीट करने वाले एक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी चंदन साहू पिता रामूलाल 45 वर्ष निवासी महामाया पारा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि भूपेन्द्र शर्मा वार्ड नंबर 3 ईमलीभाठा निवासी द्वारा अपने घर के सामने अश्लील गाली गलौज करते हुए हॉकी स्टिक से मारपीट किया, जिससे उसे चोंट पहुंची है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## कार्रवाई : उदंती सीतानदी वन विभाग की टीम कर रही लगातार कार्रवाई

# लाखों का फर्नीचर व सागौन का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार और 14 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

लकड़ी चोरों व उनके घरों से ईमारती लकड़ी, फर्नीचर आदि का जखीरा बरामद किया गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और 14 फरार बताए जा रहे हैं। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व टीम द्वारा इन दिनों लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।


- लकड़ी चोरों के घर से लट्ठा, चौखट, पल्ला सहित अन्य लकड़ियां जब्त

वन विभाग के अनुसार सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी रायपुर, एम. मर्शीबेला मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के मार्ग दर्शन में मुखबिर से मिली सूचना पर 25 दिसंबर को कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि वन परिक्षेत्र रिसगांव के चमेदा गांव से लगे सागौन प्लानटेशन से ओडिशा के 15 व्यक्तियों द्वारा सागौन वृक्षों की कटाई कर 15 सायकल में 15 नग सागौन स्लिपट ले जाने वाले हैं। वन परिक्षेत्र रिसगांव के वन अमलों द्वारा मौके का घेराबंदी किया गया। एक आरोपी पकड़ में आया और बाकी 14 आरोपी मौके से फरार हो गये। मौके पर 15 सायकल एवं 15 नग लट्ठा को बरामद किया गया। कार्रवाई और फरार आरोपियों की तलाश करने एन्टीपोंचिग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद को शामिल किया गया।

टीम ने 26 दिसंबर को पकड़े गए आरोपी से मिली जानकारी पर ओडिशा राज्य के ग्राम कण्डेतरा के फरार आरोपी कुमला पिता तिहारू राम, भुनेश्वर पिता रमेश गोड़ के घर की तलाशी ली गई। आरोपी फरार थे और कृष्णा पिता बिसंबर हल्बा के घर तलाशी ली गई। वृहद मात्र में फर्नीचर बनाने के सामान सागौन पलंग, पल्ला, खुर्सी, बरामद कर जप्तीनामा में अनंता पिता बिसंर हल्बा का हस्ताक्षर लिया गया। ग्राम राजपुर के फरार आरोपी मंगलु राम की पतासाजी कर घर की तलाशी ली गई। घर से 15 गीला सागौन का लट्ठा बरामद किया। उसके बाद रंजित पिता रति राम गोड के घर, बाड़ी की तलाशी ली गई। बाड़ी में 4 सागौन लट्ठा, घर से 36 सागौन पल्ला, 6 साल की चौखट बरामद किया गया।

अनंता को पूछताछ के लिए वन विश्राम गृह सांकरा लाया गया है। कार्रवाई के समय वन परिक्षेत्र रायधर ओडिशा का वन विभाग का स्टॉफ उपस्थित था। फरार आरोपियों की तलाश भी जारी है। कार्रवाई में उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के एवं नरंगपुर वनमण्डल के समस्त वन कर्मचारीध्अधिकारी और पुलिस विभाग गरियाबंद का विशेष योगदान रहा।







### तीन मेटाडोर सागौन लकड़ी सहित फर्नीचर बरामद

प्रकरण से संबंधित फरार आरोपियों में रंजीत पिता रति राम गोड़, मुनेश्वर पिता रमेश गोड़, सुदेलाल पिता सुकराम गोड़ को एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद द्वारा ग्राम रेगाभट्टी ओडिशा से पकड़कर वन विश्राम गृह सांकरा परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव को सुपुर्द किया गया। आरोपी अनंता पिता बिसंबर हल्बा ग्राम कांडेतरा के कथन एवं मोबाइल काल रिकार्ड अनुसार ग्राम सोनपुर ओडिशा के टेपा सुजीत मजुमदार और संतोष विश्वास को विगत 8–9 माह से वन परिक्षेत्र रिसगांव के चमेदा गांव से लगे सागौन प्लानटेशन से वृक्ष की कटाई कर स्लीपट बनाकर बेचते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के वनकर्मियों की टीम बनाकर ग्राम सोनपुर के टेपा सुजीत मजुमदार, संतोष विश्वास एवं अन्य आरोपी के घरों की श्रीमती तनुजा परिक्षेत्र अधिकारी रायधर ने तलाशी वारंट जारी कर दबिश दी गई। संतोष विश्वास के घर से बनी फर्नीचर एवं पल्ला एवं लट्ठा कुल 20.995 बीजा बरामद किया गया। अन्य घरों से कुल 3 मेटाडोर सागौन की लकड़ी, सागौन लकड़ी की बनी फर्नीचर, पल्ला, चिरान, लट्ठा ओडिशा के वनकर्मियों ने बरामद किया। टेपा सुजीत मजुमदार और संतोष विश्वास अभी भी गिरफ्त से बाहर है।

# बिचौलियों से 3300 बोरा धान बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन पर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। देवभोग एस डीएम सुश्री अर्पिता पाठक ने बताया कि देवभोग अनुविभाग के अंतर्गत 15 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बनाए गए है। जहाँ चौबीस घंटे सातों दिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कार्यवाही की जा रही है। मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लगातार गश्त की जा रही है।

- अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन सख्त

उपार्जन अवधि के दौरान ओड़शिा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले अवैध धान की परिवहन पर लगातार नजर रखकर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत देवभोग अनुविभाग में अब तक बिचौलियों से 3300 से अधिक धन पैकेट जब्त कर कार्रवाई की गई है। इस कड़ी में वाहन क्रमांक 17 एफ 7323 में 60 पैकेट एवं ओडी 08 1393 में 70 पेकेट धान के अवैध परिवहन करने पाए जाने पर जब्त कर कार्रवाई की गई।

कलेक्टर ने कहा कि चौबीसो घंटे चेकपोस्ट पर निगरानी रखे एवं अवैध धान के परिवहन करते पाये जाने पर कठोर कार्यवाही करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोताहीन बरते।धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## डिप्टी सीएम से साहू समाज के लोगों ने की मुलाकात



राजिम। डिप्टी सीएम अरूण साव से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,पूनम साहू ,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, डॉ. दिलीप साहू, गोपाल साहू, खोमन साहू, रोहित साहू, रामकुमार साहू, तरुण साहू ने मुलाकात की। समाज के लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने एवं अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक प्रभावी ढंग से हो ऐसी कामना है।

## आज सासंद चुन्नी लाल व विधायक रोहित कार्राबाधिन जोगीडीपा में

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बोड़की के तत्वावधान में उनका आश्रित ग्राम जोगीडीपा में निर्मित नवीन भवन प्राथमिक शाला कमार पारा, एंव नवीन प्राथमिक शाला भवन बस्ती पारा का लोकार्पण कार्यक्रम 30 दिसम्बर को रखा गया है। इसी दिन जोगीडीपा, चरौदा, चरभट्ठी,बोडकी, फुलझर पांच गांव की समीति से संचालित क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक देवी कार्राबाधिन घने जंगल के बीच में विराजमान स्थल में वार्षिक धार्मिक तीर्थ मड़ाई का आयोजन किया गया है। यहां बैरक उत्सव मनाया जायेगा एवं यहां बड़े बाजार होगा। उक्त कार्यक्रम का मुख्यातिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सासंद चुन्नी लाल साहू, अध्यक्षता राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू,पुर्व सासंद चन्दुलाल साहू,जिला पंचायत सदस्य वरिष्ट भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू, संत गोवर्धन महाराज सिरकट्टी आश्रम, भगत बाबा गिरीराज परेवाडीही ,सरपंच बोडकी रामजी साहूहोगें।

- स्कूल भवन का करेंगे लोकार्पण व मड़ाई में होंगे शामिल

## प्रशिक्षार्थियों को विधायक रोहित ने बांटे प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के तत्वावधान में शहर के राधाकृष्ण मंदिर के पास कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्रों का वितरण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रोहित साहू ने किया। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि अभ्यर्थियों को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया गया है और इस प्रमाण पत्र के जरिए रोजगार के भी कई अवसर प्राप्त होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की जो परिकल्पना की है उस परिकल्पना को साकार करने में कौशल विकास केन्द्रो का विशेष योगदान रहेगा। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र ▶▶| शेष पेज 8 पर



## विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर जारी

# जिलेवासी केंद्र सरकार की योजनाओं से हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाने एवं छूटे हुए हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से जोडने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज संकल्प यात्रा की प्रचार-प्रसार मोबाईल वैन गरियाबंद जिले के विकासखंड के ग्राम खैरझिटी पहुंची। कार्यक्रम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा उत्साह से स्वागत किया गया। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमजनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया।





### स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवाइयां

कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संतोष उपाध्याय, सोमप्रकाश साहू, छत्तर सिंह ठाकुर, सुखबती टांडे, अमजद जाफरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा, रूप कुमार ध्रुव अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा, विशाखा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सायकल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना के बानीपाली गांव के निवासी कलीराम जगत को बजाज बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लु 9163 के चालक ने एनएच53 रोड़ बस स्टैंण्ड ग्राम बरबसपुर के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके सायकल को ठोंकर मार दिया, जिससे उनके सीने पर गंभीर चोंटे आई है। कमलेश जगत की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 भादवि अपराध कायम किया है।

### बाइक से गिरने से मौत

**महासमुंद।** भंवरपुर रोड में बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 25 दिसंबर की है। रामप्रसाद बाघ पिता दुकालु 34 वर्ष पुरानी मंडी वार्ड निवासी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 सीपी 8341 से जा रहे थे कि पुष्प वाटिका के पास अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे गंभीर चोंट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महिला ने किया विषपान, इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरचुआ के रहने वाली हेमकुंवर पटेल पति स्व. शंकर पटेल 60 साल ने मंगलवार के दिन जहर का सेवन कर लिया, जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली मे भर्ती किया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बिजली खंभे को किया क्षतिग्रस्त, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने वाले ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रिपोर्ट लिखाते हुए कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-06 जीएन 6737 क क का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पटाखा फोड़ने से मना करने पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** पटाखा फोड़ने से मना करना पर दो लोगों ने एक अन्य पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी जागेश्वर प्रसाद पिता स्व. बृजलाल बाघ (45 साल) नयापारा महासमुंद ने साहिल कुरैशी और सोहेल कुरैशी को पटाखा फोड़ने से मना किया, जिस पर दोनों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुए धारदार चाकू से हमला कर दिया। धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### झलप में लगा शिविर, 71 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**महासमुंद।** ग्राम झलप में सिक्ख समाज गुरु सिंघ सभा की ओर से गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक जगजीवन सिंह राजा ने बताया कि यह शिविर गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को समर्पित है। शिविर मेकाहारा रायपुर के माडल ब्लड बैंक की सहायता से आयोजित किया गया, इसमें 71 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। इस दौरान सिक्ख समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान सीटू सलूजा, अमित खनूजा आदि का सहयोग रहा।

### विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 2 को

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा ने बताया कि विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 30 दिसंबर को पिथौरा रेस्ट हाउस में आहूत की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब समस्त मंडल संयोजकों की बैठक आगामी 2 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में होगी। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा तथा जिले के वरिष्ठ भाजपाजन संकल्प यात्रा को लेकर मंडल संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

---

**समस्या : आवागमन में परेशान, हादसे की आशंका बढ़ी**

# जल जीवन मिशन योजना में खोद दी गांव की गलियां, मरम्मत नहीं कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुक







जल जीवन मिशन योजना के लिए खोदे गए गड्ढे से मोहल्ले वासी काफी परेशान हो रहे है तो वही राहगिरो को भी मुसीबत का सामना कर पड़ कर रहे हैं। यह जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीण अंचलों में लोग काफी परेशान हैं अच्छे भले सीसी रोड़ और गांव की गलियों को पूरी तरह तहस नहस कर डाले है। इस योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार जी का जंजाल बन गया है गुणवत्ताहीन कार्यों की वजह से विकासखंड छूरा के यह योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है और इसके ठेकेदार और इंजीनियरों की बल्ले - बल्ले है क्योंकि गड्ढा खोदकर बिना लेवल किए पाइप को बिछा कर जगह - जगह घरों में कनेक्शन का आवंटन तो कर दिया गया है । उसके बाद ऊपर से मिट्टी को ढ़क दिया जाता है। सीसी रोड़ को तोड़ने के बाद सीमेंट से भरा नहीं जाता जिस वजह से वह कुछ दिनों बाद टूट जाता है ऐसा ही कुछ हाल इन दिनों ग्राम पंचायत पांडुका में देखने को मिल रहा है। नल - जल योजना के तहत पाईप लाईन विस्तार करने के लिए गलियों में पाइप बिछाई जा रही है। पाईप बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा टूटे हुए मलबे को ऐसे ही छोड़ दिया है। जो पूरे मोहल्ले और घरों के सामने बिखरे पड़े है जिससे मोहल्ले वाले काफी परेशान है साथ ही आने जाने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि इस मार्ग से पांडुका बस स्टैंड, गांधी चौक होकर साप्ताहिक बाजार पांडुका और इससे होकर आसपास गांव के लोग आते -जाते हैं। जहां चार पहिया तो दूर दोपहिया वाहन और साइकिल भी चलना दूबर है।

### समस्या से निजात दिलाने की मांग

साथ ही पैदल चलने वालों को भी बचते बचाते चलना पड़ता है। ठेकेदार की मनमानी कहे या लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग की करस्तानी का नतीजा है साथ ही ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और सचिव भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे है। बहरहाल लोग परेशान हैं और इस समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

---

# योजनाएं कागज तक सीमित नहीं रहेंगी योजना धरातल तक पहुंचेगी : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द मे 28 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू थे विधायक विभागीय योजनाओं के राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड उज्जवला गैस सिलेंडर, किसान सम्मन निधि, पीएम आवास, जल जीवन मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे हितग्राहियों को लाभ देने सभा मंच पर अधिकारी को तलब कर रहे हैं विधायक ने कहा यह भाजपा की सरकार है योजना औपचारिक कागज तक सीमित नहीं रहेगी योजना धरातल तक पहुंचेगी। इसी तारतम्य में प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक खोमन सिन्हा को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से पुरस्कृत होने पर एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने पर विधायक महोदय द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक द्वारा सम्मानित होने पर जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू, जनपद सभापति कीर्ति गजेन्द्र निषाद, नेमीचंद साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, अनिल ध्रुव, बीआरसी टिकेंद्र यदु, संकुल प्राचार्य नारायण सिंह निषाद, संकुल समन्वयक गिरवर लाल यादव, ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द के सरपंच टिकेश साहू, पूर्व सरपंच विजय कंडरा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर ने शुभकामनाएं दी।

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिक्षक खोमन सिन्हा का हुआ सम्मान

---

# सरपंच भामिनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया विधायक सिन्हा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ग्राम बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के नेतृत्व में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को बेलसोंडा गांव से बढ़त मिली। गुरुवार को स्वागत और आभार रैली के दौरान बेलसोंडा पहुंचने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा का सरपंच भामिनी के नेतृत्व में सैंकडों ग्रामीणों की उपस्थिति में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक को ऋतुफल (केला) से तौला गया साथ ही जनकल्याणकारी विकास कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। स्वागत कार्यक्रम में सरपंच भामिनी के साथ भाजपा महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी, पंच त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, विद्या जमूलकर, ईशा धीवर, सरस्वती साहू, हेमा साहू, प्रकाश साह तथा समर्थकों में उदे राम साहू, शत्रुघ्न साह, रामसहाय साहू, तुलसीराम सेन, गिरधारी धीवर, महेश धीवर, तेजराम धीवर, तेजेश्वर चंद्राकर, लीलाधर धीवर, हीरालाल साहू, प्रीतम साहू, राजेन्द्र साहू, टीकम चंद्राकर, मन्नू चंद्राकर, भीम सेन, रामानंद यादव, लालू साहू, दीना धीवर, शिव यादव, तुकेश साहू, दिनेश साहू एवं भारी संख्या में ग्रामीणगण उपस्थित रहे।

---

# एनएसएस शिविर में युवकों को नशापान से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सेजेस भूकेल द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित है। शिविर के पांचवें दिन परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने तालाब की पचरियों की सफाई, गांव के गढ्ढों को मलबों से पाटा तथा नालियों की सफाई की। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में तरुण कुमार दास (वरिष्ठ व्याख्याता) थे। दास ने आज के युवा पीढ़ी और नशा विषय पर अपना वक्तव्य दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गफ्फार खान, एसडी बर्गे रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डीके मरावी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना तथा लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयंसेवकों ने शिविर बैच से सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। तरुण कुमार दास के अपने वक्तव्य में विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को उनके कथनों पर अमल करने को कहा। युवा पुरुष विवेकानंद के जीवन को आत्मसात करने एवं भारत को विश्व गुरु बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका को बताया। वर्तमान परिवेश में समाज में फैल रहे नशासेवन पर प्रकाश डालते हुए दास ने आगे बताया कि आधुनिकीकरण को अपनाने की होड़ में आज युवा अपने जीवन शैली में मादक पदार्थों का सेवन करने लगा है, और धीरे-धीरे वह लत जीवन नष्ट कर देती है। टीवी सोशल मीडिया व अभिनेताओं के प्रभाव में आकर वे नशा सेवन के मार्ग पर चल पड़ते हैं, जहां से केवल नाश का द्वार खुलता है, नशे से रोकथाम के विषय में उन्होंने कहा कि स्वयं के दृढ़ निश्चय से ही केवल नशे की लत से बचा जा सकता है। कुसंगति में ना पड़ते हुए जीवन को नशे के गर्त में जाने से बचना चाहिए। गफ्फार खान ने भी स्वयंसेवकों को कठिन परिश्रम कर अपने जीवन को नई दिशा देने व सफल बनाने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित एसडी बर्गे ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के पांच गुण के बारे में बताया कि जीवन में कुछ नियम है जिनका पालन करना आपको शिखर तक पहुंच सकते है। बौद्धिक परिचर्चा के इस सत्र में ग्राम गौरटेक के सुशील भोई, रोहिदास नायक, संपत भोई तथा अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय के व्याख्याता सीएस पटेल, कार्यक्रम अधिकारी निशा पटेल तथा बीपी साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

---

# अछोला में मनाई गई जयंती, सत्य और अहिंसा के प्रतीक है बाबा गुरु घासीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधानसभा के ग्राम अछोला में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल के साथ भाजपा नेता मुन्ना साहू, नीलम दीवान शामिल हुए। अतिथियों सहित सामाजिक और ग्रामीणजनों ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर बाबा जी को नमन किया।

पूजार्चना पश्चात जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजनों ने मंचस्थ अतिथियों का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया। बाबा गुरु घासीदास के जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण मानव जाति के उत्थान के लिए बाबा जी का जीवन हम सभी के प्रेणादायक है। महान समाज सुधारक और मानवता की सेवा में बाबा जी का जीवन बिता है। मनखे मनखे एक समान का सूत्रवाक्य आज भी हम सभी में समानता के भाव को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। पटेल ने बाबा के त्याग तपस्या और बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर मानव जाति के कल्याण के लिए किया गया कार्य साक्षात ईश्वर की सेवा के समान है। सम्पूर्ण मानवजाति को बिना किसी भेदभाव के देश, जाति, धर्म और समाज के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करना है यही बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश है। पटेल ने कहा कि 18 दिसम्बर से लेकर बाद में जगह जगह हर्षोल्लास से बाबा का स्मरण करते हुए समाजजनों द्वारा जयंती कार्यक्रम आपसी सदभाव, भाईचारे के साथ मेला मड़ई के आयोजन के साथ मनाया जाता है, ऐसे सामूहिक आयोजन से सामाजिक एकता अखंडता बनी रहती है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं और समाज प्रमुखों ने भी बाबा गुरुघासीदास के जीवन काल से जुड़ी अनेक स्मरणों का उल्लेख करते जनहित और समाजहित में किये उनके कार्यो का वर्णन करते हुए बाबा को नमन किया। गांव में मेला मड़ई आयोजन के साथ आकर्षक पंथी गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर सतनामी समाज अध्यक्ष गणेश राम सोनबेर, सूरज चतर्वेदी, एएसआई सेतकुमार बाघमारे, मोहन डहरिया, दिलीप धृतलहरे, चमन नारंग, होरीलाल नारंग, शिवकुमार भारद्वाज, इंजीनियर ठाकुर राम धृतलहरे, परमानन्द चतुर्वेदी, चंदन भारती, समाज प्रमुख संतलाल धृतलहरे, संदीप, बसंत, सतनामी समाज उपाध्यक्ष कमलेश बाघमारे सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन और ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा


**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 दिसम्बर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 30 दिसम्बर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत सोरिद और बेमचा में सुबह 10 बजे एवं परसदा ब और मचेवा में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत गांजर और लमकेनी में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत भदरसी और अनवरपुर में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत घोघरा और बगारपाली में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत घोंच और दुरूगपाली में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत कायतपाली में 10 बजे से एवं बड़ेडाभा में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत जोगनीपाली और केजुवां में 10 बजे शिविर लगाया जाएगा।

---



### किसानों को पशुपालन की दी गई जानकारी

**बसना।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का कंचनपुर में जारी है। शिविर के चतुर्थ दिवस प्रातः कार्यक्रम अधिकारी बिसिकेशन साव के निर्देशन में पशु टीकाकरण का कार्य किया गया। वेडनरी आफिसर तोषकेतन साव एवं कुलेश्वर पटेल पशु चिकित्सक द्वारा पशु टीकाकरण 130 पशुओं का टीकाकरण, पीपीआर 110 बकरियों का, बंध्याकरण, 6 पशुओं का उपचार किया गया। तोषकेतन साव ने ग्रामीणों को पशु संवर्धन दुग्ध उत्पादन बकरी पालन के संबंध में जानकारी दी।



### खम्हारपाली में नशामुक्ति के लिए निकाली रैली

**सरायपाली।** समीपस्थ ग्राम खम्हारपाली में मां दुर्गा जन कल्याण समिति द्वारा समिति गठन के वर्षगांठ पर समस्त महिलाओं द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर नशामुक्ति नारों के मध्य ग्राम के सभी गली मोहल्लों से गुजरते हुए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला समिति की सचिव यामिनी साहू ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में समस्त ग्रामवासियों को नशे पान से दूर रहने के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महिला समिति के साथ प्रदीप अग्रवाल, मधुमंगल साहू, कौशल प्रसाद साहू, रजनी साहू, श्याम साहू, अनिल साहू, जलजल भोई, शोभाराम मोंगरे, दुष्यंत साहू, नीरज प्रधान आदि मौजूद रहे।

---

**बैंक में सुरक्षा के लिए एक भी जवान तैनात नहीं**

# भुगतान के लिए दिन फिक्स, फिर भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला सहकारी बैंकों में किसानों की सुविधा के लिए धान के भुगतान के लिए समितिवार दिन फिक्स किया गया है। बावजूद, बकाया बोनस की राशि निकलवाने सहकारी बैंको में रोजाना किसानों की भीड़ लग रही है। जिसके चलते बैंकों में अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। इससे भुगतान करने में देर रात हो जा रही है और किसान रात को अपने घर पहुंच रहे हैं। फिर भी बैंकों में एक भी पुलिस की तैनाती नहीं की गई है। जबकि, हर साल किसानों से लूट की घटना सामने आती रही है। बता दें कि अब तक जिले के 95 हजार 860 किसानों द्वारा 52 लाख 39 हजार क्विंटल धान सरकारी दर पर बेचा गया है। जिससे, किसानों से 262 करोड़ की ऋण वसूली के बाद 883 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। लेकिन, अभी भी जिले के 62 हजार किसान एक बार भी अपनी उपज बेच नहीं पाएं हैं। ऐसे में दो साल का बकाया बोनस खातों में जमा करने के बाद किसानों का हुजुम बैंकों में उमड़ रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बोनस की राशि निकालने किसानों में आपाधापी मची हुई है। बैंक पहुंचे किसानों का कहना रहा कि उनको भुगतान में देर होता है, जिससे उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचने की चिंता रहती है। किसानों ने बताया कि सुबह बैंक खुलने के बाद किसानों से फार्म लेने के बाद बैंककर्मी भुगतान करने में देर कर दे रहे हैं। बैंककर्मियों का कहना रहता है कि उन्हें भी नगद रकम देर से मिलती है, जिससे वे भी देर से भुगतान करते हैं और यही देरी किसानों को भारी पड़ती है।

### ठगी के शिकार हुए किसान

शुक्रवार को बोनस की राशि निकालने आए ग्राम तमोरा के बुजुर्ग किसान ठगी के शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक वीरसिंग निषाद जिला सहकारी बैंक महासमुंद बोनस की राशि निकालने पहुंचे थे। साथ में उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। इस दौरान मदद करने का बहाना बनाकर उक्त युवक उसके पास बुक और निकासी पर्ची को जमा किया और जब भुगतान के लिए नाम पुकारा गया तो वह खुद चला गया और बगल में बैठे बुजुर्ग किसान की तबियत खराब है, बोलकर कैशियर से 49 हजार रुपए का भुगतान लेकर भाग गया। हालांकि, बैंक अपनी गलती स्वीकार ली है और आश्वासन दिया है कि अगले कार्य दिवस पर किसान को उक्त राशि दे दी जाएगी।

---

## पेज 7 के शेष

### बोनस व समर्थन मूल्य की...

वायदों को पुरा करते हुए 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस राशि उनके बैंक खातो में हस्तांतरित कर दिया गया है लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण हजारों किसानों के खाते में धान की बोनस की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है, ऐसे किसान परेशान है और लगातार बैंक के चक्कर लगा रहे है, मिली जानकारी के अनुसार अब ऐसे हितग्राही किसानों जिन्हे बोनस राशि नहीं मिला है उनका समस्या का समाधान करने के लिए शासन स्तर पर पहल शुरू किया गया है।

**भुगतान किया जा रहा:** जिला सहकारी बैंक शाखा गोहरापदर के प्रबंधक नयन सिंह दाऊ ने चर्चा मे बताया कि दूर- दूर से किसान भुगतान के लिए आ रहे है। किसानों की समस्या को देखते हुए उन्हे यथा संभवन भुगतान किया जा रहा है, जिसमें विलंब हो रहा है। उन्होने बताया कि आगे से पैसा आने में देरी होने के कारण रात तक भुगतान करना पड़ता है क्योकि किसानों की भींड बैंक के सामने लगी रहती है।

### प्रशिक्षार्थियों को...

वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रमाण पत्र पाने के बाद अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। संस्था के संचालक सौरभ सिंह व पल्ल्वी सिंह ने कौशल विकास कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बोधन साहू, विजय कंडरा, भारत यादव, राजकुमारी माण्डरे, किशोर साहू सहित कौशल विकास केंद्र के पदाधिकारी व प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## स्वच्छता केवल प्रशासन नहीं, हम सब की जिम्मेदारीः राशि

**महासमुंद।** जनसहभागिता से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान (स्वच्छता पखवाड़ा) के तहत गुरुवार को बरोड़ा चौक से गुरुगोविंद सिंह उद्यान तक विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने साफ-सफाई की। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि स्वच्छता का दायित्व केवल नगर पालिका के कर्मियों का नहीं है, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सब की भी जिम्मेदारी है। हम अपने घर के आस पास, गली मोहल्ले एवं शहर को साफ रखें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना तथा स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना है। इस अवसर पूर्व पार्षद विजय साव, राजस्व प्रभारी अनीष ठाकुर, उपअभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, राजस्व विभाग से गुमान सिंह ध्रुव, दुर्गेश कुंजेकार, चन्द्रशेखर पाटकर, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

**निंधन**

## हनीफ सोलंकी



**मैनपुर।** नगर के निवासी हनीफ सोलंकी का शुक्रवार को निधन हो गया। जिन्हे क्षेत्र लोगों ने श्रद्धांजलि दी। हनीफ सोलंकी ग्राम पंचायत मैनपुर के उप सरपंच एवं वरिष्ठ पत्रकार अनीश सोलंकी तथा रॉयल ढाबा के संचालक शरीफ सोलंकी के पिता थे। ज्ञात हो कि हनीफ सोलंकी ग्राम पंचायत मैनपुर में लंबे समय तक पंच पद पर आसीन भी रहे।

**प्रवचन:** कथा के दौरान मां की महिमा बताते हुए वे खुद रो पड़े

# मां दुनिया में सबसे अनुपम : बालयोगी कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम





शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर में शिवकथा के सातवे एवं अंतिम दिवस बालयोगी कृष्णा दुबे का मुल कथा, मां और बहन के ऊपर केंद्रित था। बालयोगी के हाव-भाव से कहीं से भी यह नहीं लग रहा था कि ये वहीं 10 साल का बालक है जो हजारों-हजार लोगों को अपने कथा के माध्यम से चार घंटे पंडाल के नीचे बैठने के लिए विवश करने वाला है। कथा के दौरान मां की महिमा बताते हुए वे खुद रो पड़े, उनके आंखो से आंसुओं की धार बहने लगी। इसके साथ ही खचाखच भरे पंडाल में कोई कठोर हृदय वाला व्यक्ति रहा है उनके भी आंख से आंसु निकलने लगी।

- तकलीफ उठाती, दु:ख सहती तब भी उनके मुंह से ऊफ तक नहीं निकलती

माताओं और बहनों की बात तो पूछो ही मत? इनके आंखो से निकलने वाली आंसुओं की धार थमने का नाम नहीं ले रही थी। लड़कियां जहां अपने रूमाल से आंखे पोछते हुए नजर आई वहीं माताएं अपने साड़ी के पल्लु से आंसु की धार को छिपा-छिपा कर पोछ रही थी। पूरा वातावरण एकदम करूणामय हो गया था। हर किसी के मुंह से ये शब्द निकल रहे थे कि ये बालयोगी साक्षात भगवान के रूप में विराजमान है। कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये बालक इतना स सुंदर शिवकथा बतलाएगा। पूरे पंडाल में तु कितनी अच्छी है तु कितनी भोली है ओ मां...प्यारी-प्यारी है ओ मां...वो होते है किस्मत वाले जिनकी मां होती है...। करूणा व प्रेम भरे इस गाने और उसकी धुन पे पूरा पंडाल देखने लायक हो गया था।

### मां को तकलीफ देने वाला भोलेनाथ के प्रिय नहीं हो सकते

बालयोगी ने बताया कि मां ऐसी होती है जो कितने ही तकलीफ उठाती है, पैदा करती है, पालती है, पोषती है और बड़ा करती है, सारा दुख सहती है पर उनके मुंह से ऊफ तक नहीं निकलता। कहा कि किस्मत वाले वे होते है जिनकी मां होती है। पंडित जी ने दोनों हाथ जोड़कर उपस्थित भीड़ से वचन मांगते हुए कहा कि मां को कभी तकलीफ मत देना। यदि कोई मां को तकलीफ देता है तो वे कभी भोलेनाथ के प्रिय नहीं हो सकते। कहा कि मै यहां अपने एक मां को छोड़कर आया हूं। यहां मुझे हजारो मैया का प्रेम देखने को मिल रहा है। फिर भी मां तो मां होती है उनकी याद आती है तो मै रो पड़ता हूं। बताया कि हर मां यह सोचती है कि वह चाहे जैसा भी रहे पर उनके बच्चे बहुत अच्छा रहे,उनके दिल में यही बात रहती है। कहा कि बुढ़ापे में मां-बाप की सेवा करो इससे बड़ा पुण्य कोई हो ही नही सकता और यदि मां-बाप दुखी हुए तो इससे बड़ा पाप कुछ भी नही है। लोग आजकल बुढ़े मां-बाप को वृद्धाश्रम भेज देते है। आने वाली पीढ़ी भी ऐसे बेटे को वृद्धाश्रम ही भेजेगी।

### अपने धर्म में ही माता-पिता की इच्छा से शादी करें

बालयोगी कृष्णा दुबे ने पंडाल में मौजूद हजारो लड़कियो से एक ही वचन मांगा और वह वचन था सनातन धर्म को कभी नही छोड़ना हमारे कथा का मुख्य उद्देश्य भी सनातन धर्म को जागृत करने के लिए है। हम बहनो के आंखो में चमक और होठो पे मुस्कान देखना चाहते है। कहा कि बहने अपने धर्म में ही माता-पिता की इच्छा से शादी करे अन्य धर्म के लोग कितनों ही अच्छा क्यों न लगे उनसे सावधान रहे, उनके बहकावे में कभी न आएं। गरीबी में जीवन जी लेना पर ऐसा कोई गलत कदम मत उठाना। माता-पिता का ध्यान रखना बहनो जो मजा और आनंद अपने सनातन धर्म में है वह किसी दूसरे धर्म में नही है। पंडित जी ने लड़कियों से कहा कि वे दमदारी से रहे, किसी से न डरे, अपने पास तलवार भी रखे।

### दुसरों का हित करेंगे तो स्वयं का हित अपने आप होगा

भोलेनाथ की कथा में पंडित बालयोगी ने अक्षत चढ़ाने, बेलपत्ता और धतूरा की महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इससे शिवजी प्रसन्न होते है और शिवजी साथ हो तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। शिवजी के दरबार में बैठकर कथा सुनने वाले को बाबा कहां तक ले जाएंगे वे वहीं जानते है। भगवान के पास रहिए,भगवान अपने पास रखेगा। संतो की सेवा करो, भक्तों का सम्मान करो, बुजुर्गों की सेवा करो, उनके सम्मान करो तो यह आगे चलकर सुख देने वाला होगा। कहा कि दूसरो का हित करोगे तो स्वयं का हित अपने आप होगा। पंडित जी ने आखिरी में भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा भी संक्षेप में बताया।

### शिवकथा की राशि गरीब कन्या के विवाह में लगाएंगे

बता दें कि बालयोगी कृष्णा दुबे सुप्रसिद्ध शिवकथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के चेले है। 5 मई 2023 में इनका पहला कथा हुआ और नवापारा शहर का यह कथा आठवां कथा है। चार भाई और दो बहनो में कृष्णा सबसे छोटा है। अभी ये छठवीं क्लास की पढ़ाई कर रहा है। इनके दादा पंडित जगदीश प्रसाद दुबे 7 एकड़ जमीन का दान अकोला में किया है। वहां चिंताहरण महादेव धाम यज्ञशाला और गौशाला बनेगा। पंडित कृष्णा दुबे है तो 10 साल का छोटा बालक मगर इनकी सोच बहुत बड़ी है। इन्होने संकल्प किया है कि शिवकथा में उन्हें जितनी भी राशि आशीर्वाद स्वरूप मिलेगा उसे वे गरीब कन्या के विवाह में लगाएंगे। अभी 108 कन्या का विवाह करने का सोच रखे है और प्रत्येक कन्या के विवाह में 2 लाख रूपए देंगे। उल्लेखनीय है कि नवापारा में शिवकथा का यह आयोजन श्री सालासर सुंदरकाण्ड समिति एवं हनुमान चालीसा समिति द्वारा आयोजित किया गया। इसके लिए समिति के संस्थापक राजू काबरा, रूपेंद्र चंद्राकर,रामरतन निषाद सहित सभी पदाधिकारियो को शहर के लोगो ने धन्यवाद दिया है।

## जिला महिला मोर्चा ने की बृजमोहन से मुलाकात



**राजिम।** भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश स्तरीय बैठक में राजिम नगर पंचायत की अध्यक्ष रेखा सोनकर, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंजु नायक,पुष्पा गोस्वामी,अनिता यादव,बिंदु सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुईं। बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष किरण सिंह देव और केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल,लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की।

## ज्ञानांजलि दोहा भावानुवाद का हुआ विमोचन



**छुईहा बेलर।** खुटेरी गांव की बेटी का वृन्दावन हॉल रायपुर में आयोजित समारोह बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ में श्रीमती नीरामणी श्रीवास 'नियति' द्वारा रचित साहित्य ज्ञानांजलि श्रीमद्भगवत गीता के प्रथम से अट्ठारह अध्याय के समस्त श्लोक का दोहा भावानुवाद का विमोचन हुआ। यह कार्यक्रम भारत के विभिन्न प्रान्तो के वरिष्ठ साहित्यकारों के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें श्रीमती नीरामणी श्रीवास 'नियति' समीपस्थ ग्राम खुटेरी का भागवत राम सेन सेवानिवृत्त शिक्षक की सुपुत्री है। नीरामणी वर्तमान में शिक्षक के पद पर कसडोल में पदस्थ हैं। इन्हे मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड 2023 का सम्मान प्राप्त हुआ हैं। इसकी इस उपलब्धि पर इनके परिजन एवं शुभचिन्तकों में डॉ. गयाराम सेन, लेखनराम सेन, मनहरण लाल सेन, लक्ष्मीनारायण भाई, स्त्रोज, जितेश्वरी, कीर्ति, अंजना, भुमिका, आरती, अनुष्का, गोपेश, नागेन्द्र, डोगेन्द्र, ओमनारायण, ऋषिवल्लभ, योगीवल्लभ, शिवकुमार, भारत, पनेश, अश्वनी, वेदप्रकाश, आशुतोष आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# विश्वकर्मा योजना की जानकारी घर-घर में दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



ग्राम पंचायत रसेला में विश्वकर्मा योजना अंतर्गत स्व सहायता समूह के माध्यम से अधिक से अधिक जागरूकता बढ़ाने विभिन्न वार्डो में विशेष जागरूकता लाने की पहल की गई है। इस बेहतर योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में रसेला ग्राम पंचायत अंतर्गत च्वॉईस सेंटर के संचालकों ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़ी जानकारियों को महिलाओं के बीच साझा किया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच सरपंच ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सरकार छोटे रूप में व्यवसाय करने वाले विश्वकर्मा भाई बहनों को 01 लाख रुपए का लोन दे रही है। जिसे 18 महीनों में 5 प्रतिशत ब्याज दर से दिया जा रहा है। इसके अलावा 2 लाख रुपए तक का लोन 30 महीनों में 5 प्रतिशत ब्याज दर से दे रही है। इसके अलावा 15 दिनों का व्यवसाय करने के प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। विश्वकर्मा योजना में विभिन्न कार्य सम्मिलित है। इसके ऑनलाइन फार्म का आवेदन करने के लिए च्वॉइस सेंटरों में संपर्क किया जा सकता है। ग्राम पंचायत रसेला के विशेष ग्रामसभा में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत नगर के किसी भी चॉइस सेंटर के माध्यम से पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए संचालित केंद्रीय योजना में आवेदन करने हेतु ऑनलाइन पंजीयन किए जा रहे हैं।

- च्वॉइस सेंटरों में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

### काम के अनुसार प्रशिक्षण

इस योजना के तहत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथोड़ा बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाडू बनाने का काम करने वाले, पारंपरिक गुडिया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले महिला पुरुष अपना आवेदन निकटतम चॉइस सेंटर के माध्यम से कर सकते हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदन करने वाले लोगों को पहले काम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा 15000 रुपए तक का सामान एवं अपने काम को बढ़ाने के लिए एक लाख रुपए तक का लोन भी दिलाया जाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



# सच्चा मित्र वही, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताएं मदद करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम चैतरा में 21 से 29 दिसंम्बर तक भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। भागवत कथा का समापन गुरूवार को सुदामा चरित्र वर्णन एंव तुलसी वर्षा के साथ हुआ। कथाव्यास से गूरूवार को दिलीप कुमार त्रिपाठी राधे - राधे महाराज कोमाखान द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। सभा पंडाल पर मार्मिक नाट्य प्रस्तुति हुई। प्रेरकं भजन सुनाए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वहीं है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

### कृष्ण लीलाओं का वर्णन

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उनको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना भेष बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसको ही मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इन्द्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं।





कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाई : इन्द्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इन्द्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हो गए श्रोता। बिसरू राम, नरेन्द्र कुमार, चित्ररेखा, जिला दिव्यांग अध्यक्ष जागेश्वर साहू साहू, खुमन, जागेश्वरी, तुलसी, उर्मिला, लखन, कांति, सुखीराम, कौशल्या, मोहन, रमशिला, नीलकंठ, अमरू, भीखम, भारत सरपंच संजय कडरा सुघरमल आडे, रोहित साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### धान का बकाया बोनस मिलने से किसानों में उत्साह



**पाण्डुका।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्णय के फलस्वरूप किसानों को बोनस राशि मिलने पर भाजपा नेत्री शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन, सुशासन दिवस पर हस्तांतरित किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2014 -15 एवं 2015 -16 की बकाया धान की बोनस राशि हस्तांतरित किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी वादा सुशासन दिवस के मौके पर पूरा किया। भाजपा नेत्री शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अन्नदाता किसानों का वास्तविक सम्मान करने का काम किया है। इससे किसानों में उत्साह छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी पूरी करने जा रही है।भाजपा सरकार के गठन के बाद 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। साथ ही 18 लाख आवासहीन परिवार के लिए आवास एवं महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत अनुपूरक बजट लाकर प्रावधान किया है।

### गरीब परिवारों को मुफ्त चावल देने का फैसला स्वागत योग्य : शिवशंकर



**रसेला।** भाजपा मंडल छुरा महामंत्री शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीब परिवारों के लिए हितों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी गरीब परिवारों को आगामी 5 साल तक उचित मूल्य की दूकानों से निःशुल्क चावल देने का फैसला किया है जो की स्वागत योग्य है। इस फैसले से छत्तीसगढ़ के लगभग 67 लाख से भी अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को लाभ मिलेगा। जयसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पूरे भारत में सबसे पहले वर्ष 2012 में खाद्य सुरक्षा कानून पारित करने वाला राज्य बना। जिनका उद्देश्य ही था कि कोई भी गरीब भूखा ना सोएं। छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना से प्रभावित होकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 5 जुलाई 2013 को पारित किया गया था।

## आयोजन: छुरा ब्लाक के ग्राम पंचायत करचाली में मिले कई आवेदन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से मोदी सरकार की योजनाओं का गांव-गांव के हर व्यक्ति को पहुंचाया जा रहा त्वरित लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करचाली में 28 दिसम्बर को सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि रोहित साहू नवनिर्वाचित विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, मनीष हरित जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा गरियाबंद, राजू साहू भाजयुमो जिला महामंत्री, रामाधार साहू पूर्व सरपंच, प्रहलाद यदू जनपद सभापति छुरा, हेमलाल नेताम पूर्व सरपंच, विक्रम कंवर सरपंच ग्राम पंचायत करचाली, भानुप्रताप साहू भाजपा मंडल किसान मोर्चा उपाध्यक्ष, दीपक नेताम अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, कृष्णु दीवान ग्राम पटेल रहे।

■ स्कूली बच्चों ने पंथी, कर्मा सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

संकल्प भारत यात्रा में लगे सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण विधायक रोहित साहू सहित अतिथियों ने किया। संकल्प यात्रा में सोमन यदू, पंकज निर्मलकर,रमन नामदेव, मोती साहू, सुरेश निर्मलकर,नरेश दीवान, तारिणी ध्रुव, गणेश राम ध्रुव आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री







साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाई गई इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में रथ गाड़ी के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो भी गारंटी दी उसे जमीनी स्तर पर उतारा है। पीएम मोदी द्वारा शुरू की गईं योजनाओं को गांव- गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। स्टालों के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसी भी कोई प्रकार की समस्याएं आएगी, उसका तुरंत निराकरण होना चाहिए। चाहे पीएम आवास हो, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड सभी भारतीय जनता पार्टी की योजना जन-जन तक तत्काल पहुंचना चाहिए। कई आवेदन दिए जिसका निराकरण तुरंत करने का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कर्मा, पंथी नृत्य, सुवा, राऊत नाचा, देशभक्ति आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# 18 छात्र-छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया मुक्त अभियान का शिविर शासकीय होम्योपैथी औषधालय मैनपुर के तत्वाधान में शुक्रवार को शासकीय हाईस्कूल जिड़ार में हुआ। यह एनीमिया मुक्त अभियान शिविर मैनपुर के होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन बागची के नेतृत्व में हुआ। डॉ. बागची शिविर में उपस्थित छात्र–छात्राओं एवं एनीमिया मुक्त अभियान के संदर्भ में विस्तार से बताया गया। उक्त शिविर में डॉ. बागची 18 छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य के मैनपुर के लैब टेक्निशियन तुलसीदास मानिकपुरी के द्वारा सभी छात्र–छात्राओं का ब्लड सैम्पल लेकर हिमोग्लोबीन, सिकलिंग मलेरिया का टेस्ट किया गया। तथा ब्लड ग्रुप भी बताया गया। डॉ. बागची ने बताया कि दो विद्यार्थियों को सिकलिंग पॉजीटिव पाया गया है, जिसकी दवा बाद में प्रदाय की जावेगी। उन्होंने बताया कि शेष किसी भी विद्यार्थी को मलेरिया के लक्षण नहीं है। तथा जिस विद्यार्थी पाया गया है जिसमें सीवियर एनीमिया के लक्षण पाये गये हैं, उन्हें एनीमिया के सिरप दे दिया गया हैं। इस दौरान व्याख्याता आसिफ खान सहित स्वास्थ्य विभाग की नर्स गरिमा यादव तथा नृत्य भरत लाल सिन्हा एवं अतिन यादव उपस्थित थे।

■ हाईस्कूल जिड़ार में एनीमिया मुक्त अभियान

# भाजपा सरकार, सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की संकल्पना के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प की सिद्धि तथा जनकल्याण की दिशा में ग्राम पंचायत अड़गड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा एवं जनपद सभापति एवं विकसित भारत संकल्प यात्र भाजपा युवा मोर्चा सहप्रभारी घनश्याम मरकाम ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर सभी आमजन से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया एवं मौके पर मौजूद ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को सु–शासन की शपथ दिलवाई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है हमारी सरकार का एक ही मकसद सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा आज पूरे देश में भारत का गौरव गाथा सभी जगह चल रही है। वह दिन दूर नहीं जब हम विश्व की सबसे विकसित देश की गिनती में हमारे देश अव्वल होगी। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल मैनपुर के महामंत्री मनोहर बघेल, दैनिक राम मांडवी, महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, कृष्ण कुमार नेताम, हेमंत कुमार साहू, संजय देवनसी, श्रवण नेताम सहित बडी संख्या में अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीजन में भी दाम में बढ़ोतरी, फूलगोभी सेमी व पालक भाजी 80 रुपए किलो

**महासमुंद।** जिले में स्थानीय आवक होने के बावजूद इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जबकि, आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन वाले भाजी, फूल गोभी, सेम, बैंगन 20-25 रूपए तक गिर जाता था। लेकिन, इस बार बदली बारिश के चलते सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा है, जिसके चलते कई सब्जियों के दाम अभी भी 60 से 80 रूपए किलो तक चल रहा है। स्थानीय आवक का सीजन होने के बावजूद टमाटर को छोड़कर बाकी सभी सब्जी के दाम में वृद्धि हुई है। आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन के चलते भाजी, फूल गोभी और नवल गोल 20 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाता था। लेकिन, इस समय बीते महीने भर बदली बारिश के चलते उत्पादन घट जाने से सब्जी के दाम दोगुने हो गए हैं। स्थानीय बाजार में थोक के भाव में लौकी, करेला, प्याज भाजी, पालक भाजी, मेथी भाजी, नवल गोल, भाटा, बरबटी, ग्वारफली, पत्ता गोभी तथा अन्य सब्जी के दाम में वृद्धि हो गई है।

# खुटेरी में कबड्डी का महा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम खुटेरी में हैप्पी नवयुवक क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में कबड्डी जैसे पारम्परिक खेल को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

जिसका आगाज़ आज से हाई स्कूल मैदान में हो रहा है। आयोजन से जुड़े बेनी शंकर साहू, वेदप्रकाश नगारची, पुर्णानंद साहू, तेजराम साहू ने कहा 30 दिसम्बर से आयोजन के शानदार इस तीसरे वर्ष में राज्य के लगभग सभी छोर के प्रतिभागी भाग ले रहे है। यह मैच सिंथेटिक मैट में खेला जायेगा। जिसमें प्रथम से लेकर आठवां स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियो को भी आकर्षक इनाम व राशि प्रदान की जायेगी।

खेल की पुरी तैयारी हो चुकी है। खिलाड़ी के लिए आवास भोजन की व्यवस्था रहेगी। खेल की विशेष प्रतिभाशाली खिलाड़ी को भी पुरूस्कार दी जाएगी। इसे खेल को यूट्यूब से भी देखा जा सकता है। हाई स्कूल मैदान खुटेरी में खेले जाने वाले इस मैच में अधिक से अधिक दर्शक दीर्घा व कबड्डी प्रेमियों को शामिल होने कबड्डी समिति के सदस्यों द्वारा अपील की गई है।

# नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गुजरात में 16 से 18 फरवरी तक होने वाले नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा राजिम कालेज स्टेडियम में 14 वर्ष से कम उम्र व 16 उम्र के बालक-बालिका वर्ग में खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष शरद पारकर सहित हरिश्चंद्र निषाद, पूरन यादव, रमेश पटेल, कैलास साहू, राघवेंद्र ध्रुव, निराली यादव , मिथलेश साहू, रोशन साहू, उपस्थित थे ।



अध्यक्ष श्री पारकर ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश में आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन हर साल किया जाता है, जिसमें जिले से कुल 13 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# योगानंदम छत्तीसगढ़ व दाबके विधि कालेज रहे विजेता

**राजिम।** शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय एवं सौ. कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम राज्य स्तरीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता हिन्दी भाषा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न विधि महाविद्यालयों की 12 टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में 200 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग नीलमचंद सांखला ,सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश टी.के.झा एवं संयुक्त संचालक, राज्य मानवाधिकार आयोग श्याम साहू तथा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण मिश्रा मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय जे.योगानंदम छतीसगढ़ महाविद्यालय, ने छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विधि के ज्ञान को और छात्र वर्ग के माध्यम से जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य को आहूत करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी तथा सौ.कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय के प्राचार्य सैयद जाकिर अली द्वारा की गई । आयोजित की गई प्रतियोगिता में समन्वयक डॉ. विनीता अग्रवाल, विभागाध्यक्ष विधि द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तथा अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया गया। समन्वयक डॉ. प्रीति सतपथी की भूमिका प्रमुख रहीं। संचालन डॉ. भूपेन्द्र करवन्दे एवं दिनेश मालवीय द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन सुरेश द्वारा किया गया । इस दौरान प्राध्यापक डॉ.डी.डी. पृष्टि, सुदीप सार्वा, डॉ. तृप्ति चन्द्राकर, हेमंत नंदा गौरी, शेखर अमीन, आरके शुक्ला एवं शिशिर भंडारकर उपस्थित रहे।





**ये रहे विजेता :** प्रतियोगिता में विजेता टीम शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय एवं सौ. कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय रही।

उपविजेता दिशा लॉ कॉलेज तथा शासकीय महाविद्यालय बालोद की टीम रहीं। मेमोरियल में प्रथम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की टीम, द्वितीय डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं तृतीय डीपी विप्र लॉ कॉलेज, बिलासपुर की टीम रही। इसके अतिरिक्त मूटर, स्पीकर एवं रिसर्चर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कृत किए गए। समस्त 200 प्रतिभागियों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में 8 प्रतिभागी पुरस्कृत हुए। प्राइमरी राउंड टीम को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

